तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 15 जनवरी 2024



13 श्रीराम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा का दिन पूरी दुनिया के लिए 'महापर्व का दिन'





14 विधायक मोतीलाल का गृहग्राम गिर्रा में भव्य स्वागत






## विकसित राष्ट्र बनाने में हम सबको को देना होगा योगदान: विधायक टंकराम

### छत्तीसगढ़िया सर्वसमाज महासंघ ने वर्मा सहित जिले के निर्वाचित विधायकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

■ रायपुर लोकसभा क्षेत्र से बलौदाबाजार निवासी को प्रत्याशी बनाने की उठी मांग

छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ जिला बलौदाबाजार द्वारा रविवार को स्थानीय नगर भवन में आयोजित समारोह में जिले के सभी नवनिर्वाचित विधायकों का अभिनंदन किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री एवं विधायक बलौदाबाजार टंकराम वर्मा, भाटापारा विधायक इंद्र कुमार साव, कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़िया सर्वसमाज महासंघ रमेश यदु द्वारा की गई। इस दौरान पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य कुशल वर्मा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा यह माह बहुत ही गौरवान्वित माह है। इस माह स्वामी विवेकानंद की जयंती है। इसी माह में अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला विराजमान हो रहे हैं। हम सभी प्रभु राम और स्वामी विवेकानंद के बताये ▶▶ शेष पेज 13 पर



#### दिया गया स्मृति चिन्ह

समारोह में बलौदाबाजार की पूर्व विधायक श्रीमति लक्ष्मी अनिल बघेल की सुपुत्री वैशाली वर्मा का सिविल जज में चयनित होने एवं राष्ट्रीय रामायण समिति अनिल सिंह का भी मुख्य मंच से शुभकामनाएं देते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस मौके पर सर्व समाज अध्यक्ष कुशल वर्मा, महासचिव केके साहू सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि गण, गणमान्य नागरिक अन्य जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मनमानी : योजनाओं की जानकारी नहीं मिलने से ग्रामीणों में दिखी नाराजगी

## मुंडा के विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में नहीं पहुंचे कई विभागों के अधिकारी - कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंडा

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर क्षेत्र के गांव गांव पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जागरुकता रथ से योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यात्रा के माध्यम से जहां गांव-गांव में लोगों को सरकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जानी है। आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में आ यो जि त विकसित भारत संकल्प यात्रा में शासन के दिशानिर्देश अनुसार 18 विभाग का स्टाल लगना था। किंतु स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पशुधन विकास विभाग, राजस्व विभाग, महिला बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का ही स्टाल लगा हुआ था। अन्य विभागों का स्टॉल नहीं लगने व अधिकारियों के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों को जानकारी नहीं मिल पाई। जानकारी नहीं मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी थी। इस संबंध में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी एमएल मंडावी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया किंतु संपर्क नहीं हो पाया।

**हितग्राहियों को गैस सिलेंडर किया वितरित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का प्रमाणपत्र भी**



#### योजनाओं का दिया गया लाभ

शिविर में महिला बाल विकास अंतर्गत सरोजनी वर्मा दुलेश्वरी वर्मा सावित्री वर्मा अनीता विश्वकर्मा ने मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचार रखे। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जागेश्वर वर्मा अनीता वर्मा ने आयुष्मान कार्ड के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। डाक विभाग से शाखा डाकपाल दुर्गेश कुमार श्रीवास के द्वारा डाकघर की योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना वितरण के तहत लवन इंडियन गैस वितरण संचालक धनेश टंडन के द्वारा गीताबाई फेकर दिलेश्वरी वर्मा लक्ष्मी वर्मा शीला वर्मा भारती कोसले को गैस सिलेंडर वितरण किया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का प्रमाण पत्र रामअवतार वर्मा धनेश वर्मा येंज राम वर्मा राकेश पांडे अमरनाथ साहू को और मिट्टी परीक्षण कार्ड वितरण हुलास राम वर्मा पोखराज साहू धनेश साहू हीरावन वर्मा उमाशंकर वर्मा को वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि यात्रा के दौरान लगे शिविरों में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा लाभ देना है। साथ ही जनसमस्याओं का निवारण भी करना है। लेकिन कुछ अधिकारी मनमानी करते हुए यात्रा में शामिल नहीं हो रहे हैं। जिसकी वजह से जनता को सभी योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पा रही है। मुंडा के पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन 13 जनवरी को दोपहर 2 बजे से किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कुशल वर्मा जनपद सदस्य कोमल वर्मा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमएल मंडावी प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक सरपंच सुमित्र संतोष वर्मा नरेंद्र बंजारे एवं पंचायत पदाधिकारी की उपस्थिति में भारतमाता की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ किया गया। ▶▶ शेष पेज 13 पर

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां - बेटे घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

■ गिधौरी से बलौदाबाजार मार्ग पर ग्राम बरपाली में हादसा

गिधौरी से बलौदाबाजार मार्ग ग्राम बरपाली में रविवार को करीबन 4 बजे के आसपास ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दिया। बाइक सवार मां बेटे हादसे में घायल हो गए हैं। बाइक सवार युवक का सिर एवं पैर हाथ में ज्यादा फ्रेक्चर होने गंभीर रुप से घायल हो गया। युवक की मां को हल्की चोटें आई हैं। घटना की जानकारी आसपास के ग्रामीणो को होने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर कसडोल अस्पताल भेजा गया। जहां युवक की गंभीर स्थिति होने पर बलौदाबाजार में भर्ती किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरपाली में रविवार अपरान्ह 4 बजे लगभग ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीजे 3100 के चालक द्वारा बाइक क्रमांक सीजी 04सीटी 6095 को टक्कर मार दी। बाइक में सवार मां बेटे दोनों घायल हो गए। वहां मौजूद ग्रामीणों ने गिधौरी थाने में घटना की जानकारी दी और एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को कसडोल भेजा गया। बाइक सवार युवक गंभीर स्थिति में था। युवक की सिर ,पैर तथा एक हाथ टूट गया था तथा उसकी मां को हल्की चोटें लगी थी। घायल युवक को बलौदाबाजार ▶▶ शेष पेज 13 पर

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र पवनी का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

कलेक्टर केएल चौहान ने बिलाईगढ़ विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस संटर पवनी का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण किया। श्री चौहान ने बीएमओ से बिलाईगढ़ क्षेत्र में इलाज सुविधा, केस रिफर, अस्पताल के स्टाफ, अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के प्रसव, ओपीडी, योजनाओं से हितग्राहियों और मितानिनों को दिए जाने वाले राशि आदि की जानकारी लिया। इस दौरान ▶▶ शेष पेज 13 पर

## विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार महायज्ञ...



**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में 1 जनवरी से 14 जनवरी तक कक्षा दूसरी से 12वीं तक के भैया वाहनों द्वारा प्रतिदिन नियमित सूर्य नमस्कार महायज्ञ किया गया। दैनिक जीवन में प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने से लंबी आयु एवं सभी प्रकार के बीमारियां दूर होती हैं। सूर्य नमस्कार नियमित करने से शरीर मे रक्त संचार तथा शरीर स्वस्थ रहता है। सूर्य नमस्कार में सात आसनों का समूह होता है। शरीर के प्रत्येक अंगों का व्यायाम योग होता है। विद्यार्थियों को शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सूर्य नमस्कार को दैनिक जीवन में प्रतिदिन करने की प्रेरणा प्रचारक ने दी।

## मकर संक्रांति पर्व पर पतंग उत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

मकर संक्रांति 14 जनवरी रविवार को मनाई गई। वहीं रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा में मकर संक्रांति पर्व पर पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार की रंगबिरंगी पतंग उड़ाने का आनंद लिया। इस अवसर पर तिलगुड़ का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर राघवेन्द्र गोस्वामी, प्राचार्य वैशाली गुप्ता , उपप्राचार्य स्वाती, सहित शिक्षिका दीपा देवांगन, उपस्थित थी।

### सम्मान समारोह व युवक युवती परिचय सम्मेलन के दिया नेवता

## जिला साहू संघ ने डिप्टी सीएम साव से की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

■ कार्यक्रम की तैयारियां की गईं शुरू

जिला साहू संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ के पदाधिकारियों ने आरंग के रीवां में साहू समाज द्वारा आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान बिलाईगढ़ नगर में कुछ दिनों बाद आयोजित होने वाले जिला स्तरीय राजिम माता जयंती एवं सम्मान समारोह के साथ ही साथ युवक युवती परिचय सम्मेलन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने नेवता दिया। इससे पहले जिला साहू संघ के पदाधिकारीयों ने रायपुर में रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू और साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू से भी मुलाकात कर कार्यक्रम के बारे में चर्चा किया।


उल्लेखनीय है कि बिलाईगढ़ क्षेत्र में जल्द ही साहू समाज के द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन होना है। जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है। जल्द ही डिप्टी सीएम अरुण साव का समय मिलेगा जिसके बाद कार्यक्रम की तिथि भी का भी निर्णय हो जाएगा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव से विस्तार से चर्चा किया गया है। जिला साहू संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला अध्यक्ष तोषराम साहू ने कहा की लगातार जिले के समाज हित में कार्य किया जा रहा है। आने वाले कुछ दिनों में और कई कार्यक्रम भी किया जायेगा जिसमें जिला सतरीय सम्मान समारोह और युवक युवती परिचय सम्मेलन के साथ ग्राम पंचायत पवनी में माता कर्मा की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा भी शामिल है।



#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला साहू संघ के अध्यक्ष तोषराम साहू के साथ सेतुराम साहू महासचिव जिला साहू संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़, गोपाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ भटगांव, शनी राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ बिलाईगढ, दशरथ साहू महासचिव तहसील साहू संघ बिलाईगढ, संतोष साहू कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ बिलाईगढ, करन साहू जिला मीडिया प्रभारी साहू संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़, कृष्णा साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ नगरदा, हेतराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ पवनी, लोकनाथ साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू संघ पवनी भी उपस्थित रहे।

## बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के दीपक बने अध्यक्ष



**पवनी।** विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद बिलाईगढ़ ब्लाक कांग्रेस कमेटी में फेरबदल करते हुए दीपक टण्डन को ब्लाक कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है बता दें कि जिन कार्यकर्ताओं ने सक्रियता से कार्य नहीं किया है। उस पर कांग्रेस जल्द ही एक्शन लेने की फिराक में है। इसी को मद्दे नजर रखते हुए लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले बिलाईगढ़ की राजनीति में हलचल मचाने वाला खबर सामने आया है बिलाईगढ़ विधायक के करीबी दीपक टण्डन को अध्यक्ष की जवाबदारी दी गयी है। दीपक ने कांग्रेस के आला नेताओं का आभार मानते हुए कहा कि पिछले 5 सालों ▶▶ शेष पेज 13 पर


पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468


## खबर संक्षेप

### जहर सेवन करने से दो लोगों की मौत

**महासमुंद।** जहर सेवन से मौत के दो मामले सामने आए हैं। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम झाखरमुड़ा के निवासी बाबूलाल निषाद पिता स्व. तिजऊ राम (59 साल) ने अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया था। वही दूसरा मामला सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम चारभांठा के कौशल बरिहा पिता चहलू (20 साल) ने अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया। इन दोनों के परिजनों ने इलाज के लिए महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों घटना पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है।

### सायकल से गिरने से अधेड़ की मौत

**महासमुंद।** सायकल से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पटेवा थाना पुलिस ने बताया कि- लेखराम ध्रुव पिता कोदन ध्रुव (55 साल) निवासी तोरला ग्राम चिरको से तोरला रोड पर खेत के पास सायकल से गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### लक्ष्मण मंदिर परिसर के बाहर से बाइक पार

**महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के सिरपुर लक्ष्मण मंदिर परिसर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। प्रार्थी भरत वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है की बाइक क्र सीजी04 ओडब्लू 5342 कीमत 8000 रुपए को सिरपुर लक्ष्मण मंदिर परिसर के बाहर खड़ी थी, जिसे किसी ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 भादवि अपराध कायम कर जांच विषय में लिया है।

### ट्रैक्टर की ठोकर से एक घायल

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की ठोकर से एक बाइक चालक घायल हो गया। प्रार्थी पूरन सिंह बुड़ेक पिता मोतीराम (56 साल) ने सांकरा पुलिस को बताया कि ग्राम सपोस से कुर्माडीह जाने के रास्ते में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 डीए 9770 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसके मोटरसाइकिल को ठोकर मार दिया। जिसके चलते उसके साथ बैठे विश्वामित्र के दाहिने पैर में चोटें आई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महिला ने लिखाई पति के खिलाफ रिपोर्ट

**महासमुंद।** महिला से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने उसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है। ग्राम जोबा की फलेश्वरी बघेल पति लांरेश बघेल ने पुलिस को बताया कि उसके पति ने ससुराल ग्राम जोबा में मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। तुमगांव पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी पति के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### गांजा की तस्करी करते 2 अंतरराज्यीय तस्कर बंदी

**महासमुंद।** बेलसोंडा रेलवे स्टेशन में उत्तर प्रदेश के दो व्यक्तियों से 20 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ पकड़ा गया। ओडिशा से सूटकेस में भरकर ले जा रहे गांजा की कीमत 10 लाख रुपए बताई जा रही है, जिसे मुखबिर की सूचना पर सायबर सेल की टीम ने मौके से पकड़ा। सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थ गांजा तस्करी की रोकने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तहत सभी प्रभारीगण में अपने-अपने क्षेत्रों में मुखबिरों को सक्रिय कर संदिग्धों व गांजा तस्करों पर निगाह रखी जा रही थी इसी क्रम में शनिवार को सायबर सेल टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति रेल्वे स्टेशन बेलसोंडा के पास एक मेहरून रंग के बड़ा सूटकेस में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखे हुए है।

## खबर संक्षेप

### शोकसभा और पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम आज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध इतिहासकार व पुरातत्वविद डॉ. हेमू यदु का 5 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे एंटी करप्शन ब्यूरो से सेवानिवृत्त हो गए थे। शोकसभा व पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे रखा गया है। उनकी अंतिम कृति ओम लिपि की रहस्यमय ख़ोज गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में है, इस पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि छग उच्च न्यायालय बिलासपुर के सीबी बाजपेई पूर्व न्यायमूर्ति एवं हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति के हाथों से किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख साहित्यकार, सामाजिक व शासन प्रशासन के उच्चाधिकारी बतौर अतिथि उपस्थित होंगे।

### वित्त मंत्री चौधरी ने कैलेंडर का किया विमोचन



**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इसी दौरान संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर और प्रांतीय महामंत्री दीपक देवांगन ने बताया कि कैलेंडर में समस्त जिला कोषालयों के अधिकारी, संभागीय संयुक्त संचालक एवं वित्त विभाग के आवश्यक दूरभाष नंबर अंकित हैं, जो कि आमजन के लिए उपयोगी हैं। विमोचन के अवसर पर रामाधार साहू, विरेंद्र सिंह राठौर, अफरोज खान, रिंकू तिवारी आदि शामिल थे।

### पाप का मूल कारण लोभ : आचार्य चौबे



**रायपुर।** बोरियाखुर्द मोतीनगर में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण में आचार्य पं. नंदकुमार चौबे ने कहा, इस असार-संसार में कोई भी वस्तु सार नहीं है, यहां तो केवल विषय वासना ही दिखाई पड़ती है, जैसे काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, दंभ, पाखंड आदि विकारों ने हमारे मन मस्तिष्क को धूमिल कर दिया है। लोभ पाप का मूल है, इसलिए व्यक्ति लोभ में आकर बड़े से बड़े पाप कर बैठता और उसका फल भी भोगता है।

### दिव्यांगजन किसी सहानभूति के मोहताज नहीं : बृजमोहन

**रायपुर ।** पर्यटन, शिक्षा एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, दिव्यांगजन किसी सहानभूति के मोहताज नहीं हैं। वो सभी किसी न किसी विशेष प्रतिभा के धनी होते हैं। ऐसे में हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि उनकी प्रतिभा को निखार कर सामने लाएं। शनिवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में रायपुर के ट्राइटन होटल में सीजी दिव्यांग प्रतिभा एवं रनवे प्रतियोगिता कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने भाषण, नृत्य, गायन, नाट्य एवं अन्य क्षेत्र में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। श्री अग्रवाल ने अलग-अलग कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, यह हमारा सामाजिक दायित्व है कि सामूहिक प्रयास के जरिए हम दिव्यांजनों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखें और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद करें।

# रोज आधा दर्जन मरीजों का निशुल्क सीटी स्कैन, ज्यादातर मामले सिर से संबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला अस्पताल में रोजाना आधा दर्जन मरीजों को निशुल्क सीटी स्कैन की सुविधा मिल रही है। ज्यादातर मामले सिर से संबंधित समस्या के हैं, जो इलाज के लिए ओपीडी तक पहुंचे हैं। अभी अस्पताल से संबंधित मरीजों की जांच की जा रही है, मगर आने वाले दिनों में अन्य स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर मामलों की टेस्टिंग भी की जाएगी।

जिला अस्पताल पंडरी में एक जनवरी से सीटी स्कैन जांच की सुविधा शुरू की गई है। शुरुआती दिनों में यहां दो से तीन मरीजों का टेस्ट हो रहा था, मगर अब आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है और रोजाना आधा दर्जन मरीजों की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक अभी उन्हीं मरीजों को जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा मिल रही है, जो अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा जांच के लिए भेजे जाते हैं। आने वाले दिनों में यहां उन मरीजों की जांच भी की जाएगी, जो दूसरे अस्पतालों अथवा स्वास्थ्य केंद्रों से यहां रेफर किए जाएंगे। इसके लिए वहां जांच के लिए न्यूनतम दर तय करने की प्रक्रिया जल्दी ही पूरी की जाएगी। चिकित्सकों के मुताबिक अभी सीटी स्कैन के ज्यादातर मामले सिर की समस्या से संबंधित हैं। उन्हें किसी तरह की चोट पहुंची है अथवा हाई ब्लड प्रेशर अथवा अन्य वजह से उन्हें सिर में दर्द या अन्य तरह की शारीरिक परेशानी है। उपचार की सुविधा शुरू होने के बाद जिला अस्पताल के मरीजों को अब आंबेडकर अस्पताल अथवा निजी संस्थानों में जाकर जांच कराने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।

## एक जनवरी से जिला अस्पताल में हो रही जांच

### रिपोर्ट जल्द तो इलाज शुरू

जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल में ही जांच होने की वजह से मरीजों को उसकी रिपोर्ट तीन से चार घंटे में मिल जा रही है। सुविधा शुरू नहीं होने की वजह से मरीजों को इसके लिए एक दिन से सप्ताहभर तक इंतजार करना पड़ता था। जल्दी रिपोर्ट मिलने की वजह से मरीजों का इलाज भी जल्दी ही शुरू कर दिया जाता है।




### जरूरत एमआरआई की

राजधानी रायपुर से संबंधित जिला अस्पताल में मरीजों को उपचार सुविधा को ध्यान में रखते हुए एमआरआई की सुविधा भी दिए जाने की आवश्यकता है। एमआरआई के जरूरतमंद मरीजों की संख्या भी बहुत है, जिसकी सुविधा शासकीय स्तर पर आंबेडकर अस्पताल और एम्स में जहां मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है।

### लाभ मिल रहा

सीटी स्कैन का लाभ मरीजों को नियमित रूप से मिल रहा है। इसके माध्यम से चिकित्सकों को उपचार में भी मदद मिल रही है।

*- डॉ. एसके भंडारी, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल*

## पर्यटन विभाग से लीज पर मिले रिसॉर्ट में एजेंसी तैयार कर रही नई सुविधाएं

# फैसिलिटी के अभाव में बंद हुए रिसॉर्ट अब यहां स्वीमिंग पूल और गेम जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- लीज में दिए गए रिसॉर्ट में बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं, मानसून में फूड फेस्टिवल का भी आयोजन

छत्तीसगढ़ में लंबे समय से बंद पड़े 15 रिसॉर्ट का संचालन जल्द शुरू होगा। सभी रिसॉर्ट 5 से 10 साल पुराने हैं। पर्यटन विभाग ने पहले इन रिसॉर्ट को तैयार करने पर करोड़ों रुपए खर्च किए, लेकिन पर्यटकों को यहां आवश्यक फैसिलिटी नहीं दी। इस वजह से पर्यटकों ने भी यहां आना-जाना बंद कर दिया।

अब विभाग ने ऐसे रिसॉर्ट को 30 साल के लिए लीज पर दिया है। यहां पर्यटकों को बार, स्वीमिंग पूल, स्पोर्ट्स व गेम जोन के साथ मिनी थिएटर की सुविधाएं दिए जाने की तैयारी है। माना तूता में पुराने रिसॉर्ट को नया रूप दिया जा रहा है। यहां बच्चों और बड़ों के लिए भी स्वीमिंग पूल की सुविधा दी जाएगी। विभाग ने रिसॉर्ट का संचालन शुरू करने डेढ़ साल की मोहलत थी। वर्तमान में 2 से 3 जगहों पर रिसॉर्ट शुरू हो गया है। चार से पांच महीने के भीतर लीज में दिए छत्तीसगढ़ के 13 जिलों में रिसॉर्ट की सुविधा बढ़ जाएगी। एजेंसी फैसिलिटी बढ़ाने में जुटी हुई है।

## मिनी थिएटर की मिलेगी सुविधा



### मोटल एवं रिसॉर्ट का कायाकल्प

पर्यटन विभाग ने 30 साल के लिए एजेंसी को रिसॉर्ट और मोटल छूट के साथ लीज पर दिए हैं, ताकि अपने अनुसार रिसॉर्ट को नया रूप दिया जा सके। रायपुर में माना तूता जो 5 साल से अधिक समय से रिसॉर्ट बंद पड़ा है। इसे फिर से संवारा जा रहा है। यहां ठहरने रिसॉर्ट की सुविधा मिलेगी। खपरी में रिसॉर्ट शुरू हो चुका है। इसी तरह रायगढ़, राजनांदगांव समेत अन्य 11 जगहों पर बंद रिसॉर्ट को एजेंसी नया रूप दे रही है। मार्च के बाद प्रदेश में रिसॉर्ट की संख्या 25 से अधिक हो जाएगी। आमदनी बढ़ाने यहां एजेंसी बार के साथ स्वीमिंग पूल, गेम जोन के साथ मिनी थिएटर जैसी फैसिलिटी देगी।

### 5 स्थानों पर बार की सुविधा

विभाग ने 5 जगहों पर बार की सुविधा दी है, इनमें चिल्फी घाटी, चित्रकोट, मैनपाट, जशपुर और बार नवापारा शामिल हैं। इन रिसॉर्ट में सर्वाधिक पर्यटक पहुंचते हैं। इस वजह से भी विभाग ने इन जगहों पर मांग के अनुसार फैसिलिटी बढ़ाई है। इससे पर्यटन विभाग की कमाई में वृद्धि होगी।

# तेलीबांधा में बन रही स्मार्ट पार्किंग, स्लॉट वाइज एडवांस बुकिंग की रहेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने बिलासपुर कीस्टोन इंफ्राबिल्ड को दिया ठेका
- दो फेस में प्रोजेक्ट, पीपीपी मोड पर काम

राजधानी के तेलीबांधा तालाब के पास शहरवासियों की सुविधा के लिए 1800 वर्गफीट जगह पर स्मार्ट पार्किंग बनाई जा रही है। रायपुर स्मार्ट लिमिटेड ने पीपीपी मोड पर इस प्रोजेक्ट के लिए बिलासपुर की कीस्टोन इंफ्राबिल्ड कंपनी को अनुबंधित किया है। दो चरणों में स्मार्ट पार्किंग का काम पूरा होगा। 90 कार की पार्किंग यहां की जा सकेगी। सबसे खास बात ये है कि इसे स्वचालित पार्किंग की सुविधा से जोड़ा जाएगा। मरीन ड्राइव इलाके में पार्किंग की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। तेलीबांधा तालाब के पास 1800 वर्गफीट खाली जमीन पर हाईटेक स्मार्ट पार्किंग बनाई जा रही है।

बिलासपुर की एजेंसी ने वर्कआर्डर के बाद अपना काम शुरू कर दिया है। नगर निगम को इस कार्य में फूटी कौड़ी खर्च नहीं करना पड़ेगा, बल्कि हर साल 16 लाख 65 हजार रुपए अनुबंधित कंपनी स्मार्ट पार्किंग के एवज में जमीन का किराया उसे देगी।



### 20 साल के लिए ठेका

तेलीबांधा में स्मार्ट पार्किंग विकसित करने वाली कंपनी 20 साल तक स्मार्ट पार्किंग चलाएगी। शुरुआत में 10 साल के लिए पार्किंग संचालन करने का काम दिया जा रहा है। कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर अनुबंध की अवधि आगे और 10 साल के लिए बढ़ाई जा सकेगी। इस पार्किंग के शुरू होने से तेलीबांधा सहित आसपास कालोनी के रहवासियों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। वहीं रिक्रियेशन जोन परिसर के ग्राहकों तक सीधी पहुंच होगी।

### स्लॉट वाइज बुकिंग, ईवी चार्जिंग की सुविधा

महानगरों की तर्ज पर प्रदेश में पहली बार ईवी चार्जिंग क्षमता के साथ स्वचालित पार्किंग सुविधा से इसे जोड़ा जाएगा। इसमें मेनुवल की जगह स्वचालित कार पहचान प्रणाली का उपयोग होगा। इसमें लोग एक क्लिक पर पहले से अपनी गाड़ियों की स्लॉट वाइज बुकिंग कर पाएंगे। एक तरह से एक कैशलेस पार्किंग और फास्टेग पार्किंग का रूप लेगा।

**स्वर्णिम युगल दंपति सम्मान समारोह आज :** रायपुर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा आगामी 15 जनवरी को स्वर्णिम युगल दंपत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में होगा। इस संबंध में समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, पं. सुरेश मिश्र एवं संयोजक पं. प्रकाश अवस्थी ने बताया कि ऐसे कान्यकुब्ज ब्राह्मण सदस्य, जिनके वैवाहिक जीवन को 50 साल हो चुके हैं, उनका सम्मान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जगदलपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, भाटापारा, बलौदाबाजार, भिलाई-दुर्ग, रायगढ़ एवं रायपुर से युगल दंपत्ति परिवार सहित आ रहे हैं।

# कंपनी का डेटा हैक कर ग्राहकों से लाखों की ठगी का नया पैटर्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- ग्राहकों की शिकायत के बाद ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई

आमानाका थाने में एक आनलाइन ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी ने अज्ञात के खिलाफ उनके ग्राहकों का डेटा हैक कर लाखों रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। किसी कंपनी के ग्राहकों का डेटा हैक कर ठगी करने का यह पहला मामला तथा ठगी का नया पैटर्न है। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक नंदनवन स्थित ऑनलाइन आयुर्वेदिक ब्यूटी प्रोडक्ट रस कंपनी के परविंदर सिंह ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। परविंदर ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात जालसाज उनके छत्तीसगढ़ स्थित ब्रांच में ग्राहकों के डेटा हैक कर कस्टमर को लिंक भेजकर पैसा मंगाकर ठगी का शिकार बना रहे हैं। इसके साथ ही ग्राहकों को कई तरह की छूट मिलने की बात कहकर एडवांस में पैसा जमा कराकर ठगी कर रहे हैं।

### ठगी का खुलासा ऐसे हुआ

परविंदर ने पुलिस को बताया है कि जालसाजों द्वारा उन्हें ठगी करने की जानकारी अपने ग्राहकों से मिली। पैसा देने के बाद भी प्रोडक्ट की आपूर्ति नहीं होने पर ग्राहक कंपनी को कॉल कर शिकायत करने लगे। इसके बाद कंपनी ने ग्राहकों के स्टेटस चेक किया, तो उनके द्वारा भेजी गई रकम कंपनी के अकाउंट में जमा नहीं होना पाया, तब ग्राहकों ने कंपनी को जिस लिंक से पैसा ट्रांसफर किए थे, उसे भेजा तब कंपनी को अपने ग्राहकों की डेटा चोरी होने की जानकारी मिली।



### डेटा चोरी कर बेचने की आशंका

कंपनी के साथ पुलिस को आशंका है कि कंपनी के किसी कर्मचारी ने किसी हैकर्स से संपर्क कर कंपनी से जुड़े ग्राहकों का डेटा चोरी कर दिया होगा। इसके साथ ही कंपनी के लिंक की जानकारी दी होगी। इसी बात का फायदा उठाकर जालसाज कंपनी के ग्राहकों से संपर्क कर उन्हें ठगी का शिकार बना रहे होंगे।

# जंगल सफारी में चौसिंगा की किस्तों में मौत, साथ में काले हिरणों की मौत की बात सामने आ रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जंगल सफारी में 17 चौसिंगा की मौत मामले की वन्यजीव प्रेमी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा वनमंत्री केदार कश्यप से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है, जंगल सफारी में चौसिंगा की अज्ञात बीमारी से मौत की घटना को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी। इसके बाद विभागीय अफसर हरकत में आए। घटना की जानकारी मिलने पर वन्यजीव प्रेमी भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने सक्रिय हो गए हैं। जांच प्रभावित न हो, इसके लिए पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ को अवकाश में भेजने के साथ डॉक्टर के निलंबन की मांग की है।

वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने आरोप लगाया है कि 25 नवंबर को पांच चौसिंगा की मौत के बाद सफारी के सीनियर डॉक्टर तथा सहायक संचालक ने सफारी के डायरेक्टर को घटना की जानकारी नहीं दी। साथ ही वन्यजीव प्रेमी ने डॉक्टर तथा सह संचालक पर मामले को रफा दफा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।




### वन्यजीव की मौत के बाद सैर पर जाने का आरोप

वन्यजीव प्रेमी के मुताबिक 25 नवंबर को चौसिंगा की मौत होने के बाद 26 नवंबर को संबंधित डॉक्टर गोवा की सैर करने के लिए चले गए। डॉक्टर के अवकाश की अर्जी सफारी के डायरेक्टर ने अस्वीकृत कर दी थी। बावजूद इसके डॉक्टर पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ से आवेदन स्वीकृत कराकर अवकाश पर चले गए। डॉक्टर ने इसकी जानकारी सफारी के डायरेक्टर तक को नहीं दी, जबकि अवकाश स्वीकृत होने के बाद डॉक्टर को डायरेक्टर को जानकारी देनी थी।

### पांच काले हिरण, तीन नीलगाय की मौत

वन्यजीव प्रेमी के मुताबिक सफारी में चौसिंगा की मौत किस्तों में हुई है। इसी दौरान पांच काले हिरणों की मौत के साथ तीन नील गाय की मौत होने की बात वन्यजीव प्रेमी कह रहे हैं। वन्यजीव प्रेमी ने आरोप लगाया है कि पांच चौसिंगा की मौत के बाद केवल दो का पोस्टमार्टम किया गया है। शेष तीन को जला दिया गया है। गौरतलब है कि चौसिंगा शेड्यूल-1 प्रजाति का वन्यजीव है, इसलिए जितने भी चौसिंगा की मौत हुई है, उन सभी का पोस्टमार्टम कर सफारी के डायरेक्टर को 24 घंटे के भीतर पीएम रिपोर्ट की जानकारी देना अनिवार्य है। डॉक्टर पर आरोप लग रहे हैं कि घटना के बाद से लेकर अब तक डायरेक्टर को पीएम रिपोर्ट नहीं सौंपी गई है।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर आव्हान, आदत में शामिल करें रक्तदान, चिकित्सा छात्रों ने दिया 75 यूनिट ब्लड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- नेशल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ का कार्यक्रम

राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित शिविर के दौरान रक्तदान को आदत में शामिल करने का आह्वान किया गया है। नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन द्वारा आंबेडकर अस्पताल में आयोजित शिविर में चिकित्सकों एवं छात्रों ने 75 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम द्वारा उन्हें प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया।

नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ के सचिव डा. पीयूष भार्गव ने बताया कि मॉडल ब्लड बैंक रायपुर में स्व रक्तदान की संख्या बहुत ही कम है। लोग स्वयं आगे बढ़कर रक्तदान नहीं करते, जिससे मरीजों को आए दिन रक्त की कमी के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ ने चिकित्सकों एवं चिकित्सा छात्र छात्राओं से आग्रह किया कि स्व रक्तदान करके समाज को प्रेरित किया जाए कि रक्तदान को एक आदत बनाते हुए समय समय पर रक्तदान किया जाना चाहिए। इसके लिए युवा चिकित्सक प्रेरणा स्त्रोत बन सकते हैं। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा अरविंद नेरल ने कहा कि वो स्वयं 124 बार रक्तदान कर चुके हैं एवं हर बार अपने आप को और जवान पाते हैं। इस अवसर पर नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा कैसे कर सकते हैं। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. विजय कापसे ने कहा कि छात्रों के इस सराहनीय कदम से रक्त की कमी को दूर किया जा सकता है। रक्तदान करने वाले चिकित्सा छात्र-छात्राओं को अस्पताल अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम द्वारा प्रशस्तिपत्र प्रदान कर उनकी सराहना की गई।



डेटा चोरी कर बेचने की आशंका

रक्तदान शिविर में डॉ. शशिकांत राजपूत, डॉ. देवप्रिया रथ, डॉ. कुशल चक्रवर्ती, डॉ. प्रेम चौधरी, डॉ. गौरव परिहार ने रक्तदान किया। इस दौरान बायोकेमेस्ट्री के विभागाध्यक्ष डॉ. पीके खोडियार, डॉ. अविरल मिश्रा भी मौजूद थे।

### लोकसभा में प्रोफेसर को प्रत्याशी बनाने सर्व समाज ने लिया निर्णय

**रायपुर।** सर्व समाज महासभा ने आगामी लोकसभा चुनाव में महासमुंद के विकास के लिए हमेशा प्रयास करने वाले प्रोफेसर को प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है। यह फैसला सभी समाज के लोगों ने आपसी सहमति से लिया है। सर्व समाज समन्वय महासभा में लिए गए निर्णय के बारे में शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान उदयभान सिंह चौहान, एसआर बंजारे और प्रताप महंती ने जानकारी दी।

महासभा के निर्णय को लेकर बताया कि राज्य बनने के 23 साल बाद भी महासमुंद क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। अभी तक कॉलेज, सड़क और अस्पताल की सुविधा से लोग वंचित हैं। लोकल ट्रेन की सुविधा भी नहीं है।

# एक करोड़ दीपक से जगमग होंगे गायत्री परिजनों के घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के निर्देश पर गायत्री परिवार घर-घर दीप जलाकर भगवान रामचंद्र के मंदिर स्थापना उत्सव को उत्साह के साथ मनाएगा। इस मौके पर 1 करोड़ दीपक से गायत्री परिजनों का घर दमकेगा। प्रदेश स्तर पर इस आयोजन को भव्य रूप देने की तैयारी है। इसी संबंध में जोन समन्वयक और गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी रायपुर के ट्रस्ट पदाधिकारियों की बैठक हुई।

भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर दीप महोत्सव का आयोजन राजधानी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में किया जाएगा। इस आयोजन के अंतर्गत गायत्री परिवार के परिजन अपने घरों में दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाएंगे। इसके लिए 5,11,21, 51और 101 दीप प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही प्रदेश भर के सभी गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ में सुबह से ही यज्ञ हवन और संस्कार कराए जाएंगे। दोपहर के समय भजन कीर्तन और शाम के समय दीप यज्ञ किया जाएगा।



बैठक में गायत्री परिवार की छत्तीसगढ़ इकाई की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा, शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, ट्रस्टी सचिव सदाशिव हथमल, ट्रस्टी हनुमान प्रसाद अग्रवाल, दीनानाथ शर्मा, शैलेश वर्मा सहित गायत्री परिवार के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### समस्याओं के निराकरण के लिए घर-घर जनसंपर्क अभियान

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड नं 06 के पार्षद धर्मेंद्र यादव द्वारा वार्ड के लोगों व आम जनता को केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ दिलाने घर-घर जनसपंर्क किया गया। मोदी सरकार के महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी। 19 जनवरी को नगर पंचायत तुमगांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा की भी जानकारी दी। जिसमें आम जनता का मजदूर कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम विश्कर्मा योजन, राशनकार्ड, आवास योजना का फार्म जमा किया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड नं 05 के पार्षद प्रतिनिधि लक्ष्मण पटेल, डोमार पटेल, हेमंत धीवर, रामचंद्र पटेल, महेश्वर धीवर, रामस्वरूप धीवर आदि मौजूद रहे।

### मेला हमारी संस्कृति का अभिन्न अंगः रूपकुमारी

**पटेवा।** विधानसभा के ग्राम भावा में आयोजित मड़ई मेला कार्यक्रम में महासमुंद भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधानसभा के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, संदीप दीवान, झलप पटेवा मंडल अध्यक्ष धरम पटेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। ग्राम की देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर सर्वकल्याण की कामना किए। श्रीमती चौधरी ने कहा कि मड़ई मेला हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। यह खुशियों और समृद्धि के साथ हमारी एकता का परिचायक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य अतिथियों ने कहा कि गांवों में मड़ई मेला होने से उत्सव का माहौल रहता है। मड़ई मेला का यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ संस्कृति की एक परंपरा है।

### अंतरशालेय कबड्डी स्पर्धा में शामिल हुए प्रखर

**सरायपाली।** अंतरशालेय (बालक /बालिका) कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम कलेंडा में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्च माध्या विद्यालय कलेण्डा आयोजक युवा क्षेत्रीय खेल विकास एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल, अध्यक्षता मिनकेतन पटेल सरपंच प्रतिनिधि एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि विजय प्रधान पूर्व जिला मंत्री भाजपा, एसआर साहू रहे। मंच पर केआर पटेल संस्थापक सदस्य, ध्रुव मलिक संरक्षक, गिरधारी साहू, मुरलीधर भोई पूर्व जनपद सदस्य, लोकनाथ चौधरी पूर्व शाला वि समिति के अध्यक्ष, उत्तम डनसना सरपंच संघ उपाध्यक्ष, राजेश साहू सांसद प्रतिनिधि, खिरोद पंच सुदाम प्रधान, परमेश्वर साहू, संगम सेवा समिति के सदस्य तुषार सेन, आशीष सेन, रिंकु पटेल, तरुण गड़तिया, विजयनाग, आयुष साहू रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अग्रवाल ने सभी मंचासीन अतिथियों का आभार जताया एवं युवाओं को खेल में सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही कलेंडा ग्रामवासी एवं खेल देखने आए लोगों का अभिवादन किया।

# श्रीराम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा का दिन पूरी दुनिया के लिए 'महापर्व का दिन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को जिला मुख्यालय सदर बाजार में स्थित श्री राम मंदिर मानस मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर साफ–सफाई की। मंत्री श्री वर्मा ने मंदिर पहुंचकर सबसे पहले प्रभु श्रीराम के दर्शन कर आरती की। प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद श्री वर्मा ने हाथों में झाड़ू लेकर मंदिर परिसर के आसपास सफाई की। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देशभर के मंदिरों,तीर्थस्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जो की 22 जनवरी तक चलेगा।

## मंत्री वर्मा ने श्रीराम मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर की साफ–सफाई

### स्वच्छता अभियान के तहत किया कार्य

केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान के बाद चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर श्रीराम मंदिर परिसर में हम लोगों ने साफ–सफाई की है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि मंदिरों एवं तीर्थस्थानों में स्वच्छता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को आयोध्या में श्री राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी वह दिन पूरी दुनिया के लिए महापर्व होगा।



### इनकी भी रही मौजूदगी

स्वच्छता अभियान के अवसर पर इस दौरान पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल,जिला पंचायत सदस्य कुशल वर्मा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा,विजय केसरवानी, आलोक अग्रवाल रितेश श्रीवास्तव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिकों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही।

प्रभु श्री राम छत्तीसगढ़ के कण–कण और जन–जन में बसे हुए हैं। छत्तीसगढ़ वही कोसल है जिसकी बेटी,माता कौशल्या ने भगवान राम को जन्म दिया। श्रीराम ने दंडकारण्य को अपनी चरण रज से पवित्र किया।

मां शबरी के बेरो की मिठास अभी तक छत्तीसगढ़ में घुली हुई है। श्री वर्मा ने सभी छत्तीसगढ़ वासियों से अपील करते हुए कहा कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी लोग अपने घरों को फूलों से सजाएं और दीप प्रज्वलित करें। पूरा शहर,गांव एवं घर दिवाली से बढ़कर लगे। यह हमारा परम सौभाग्य है कि अयोध्या में राम लला विराजमान होते देखेंगे।

## आयोजन: आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रावन में वार्षिकोत्सव

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में विद्यालयों की भूमिका होगी महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रावन में वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट रावन के यूनिट हेड राजेश शंकर ने शाला के विद्यार्थियों को अपने संबोधन में प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में अपने योगदान की संभावनाओं की तलाश करें। इसमें शालाओं की भी बड़ी भूमिका होगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय के प्राचार्य आनंद बंगल ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर के आयोजनों और विभिन्न क्षेत्रें में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संख्या दर्शनम के माध्यम से विविधता की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की गई। जिसमें सभी समुदाय को एक साझा विरासत के उत्सव के रूप में एकजुट किया। मुख्य अतिथि ने इस तरह के गरिमामय शानदार कार्यक्रम के आयोजन में शाला के सभी शिक्षकों के योगदान की सराहना की। शाला की उपलब्धियों के लिए प्राचार्य व अध्यापकों की प्रशंसा की । उन्होंने सभी पहलुओं में प्रगति कर रहे प्रगतिशील भारत मे युवाओं की भूमिका के बारे में भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने में विद्यालयों की भूमिका काफी अहम है। विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के लिए मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सभी विभाग प्रमुख, आमंत्रित नागरिक, अभिभावक व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शाला के ही छात्र छात्राओं ने बहुत ही आत्मविश्वास व प्रभावी ढंग से किया। शाला के ही छात्र सूरज राजेश ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

### दर्शनम के माध्यम से विविधता की जीवंत तस्वीर की गई प्रस्तुत



### सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन

कार्यक्रम में बहुरूप दर्शक की पृष्ठभूमि में आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने परंपराओं,संगीत व नृत्य का मिश्रण प्रदर्शित किया। पारंपरिक लोकनृत्यों ने दर्शकों को मुग्ध कर दिया। हवा में गूंजती पारंपरिक लोक धुनों से लेकर कलात्मकता की समकालीन अभिव्यक्तियों तक संस्कृति के हर पहलू ने मंच पर अपनी जगह बनाई। शानदार वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति में जान फूंक दी और सबका मन मोह लिया।

# युवा ही भारत को फिर धर्म गुरु बनाने में है सक्षम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ युवा दिवस पर खेल का आयोजन

स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर स्थानीय शांति स्टेडियम में युवा दिवस पर खेल का आयोजन किया गया।। जिसमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

इस अवसर भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदकुमार वर्मा ने स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है, देश को अग्रणी बनाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। युवा ही इस देश को विकसित और विश्वगुरु बना सकते हैं। हमारा भारत भाग्यशाली है कि विश्व के सबसे ज्यादा युवा देश की संपत्ति हैं। इस अवसर पर कोसमंदी सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा सांसद प्रतिनिधि महाविद्यालय मनोज वर्मा भाजयुमो प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य लोकेश यदु भाजयुमो मंडल अध्यक्ष भोला वर्मा दक्षिण मंडल अध्यक्ष उमेश यदु अनुसूचित जनजाति महामंत्री राकेश छेदइया युवा नेता लक्की कन्नौजे प्रमोद देवांगन विकास साहू परमेश्वर साहू कुणाल सेन मुकेश प्रजापति ऋषभ चौबे योगेश पटेल योगेश देवांगन त्रिशांत साहू रमेश साहू उत्कर्ष साहू मनीष यादव मनीष वर्मा विजय करण सेन साकेत वर्मा विवेक नेताम हरीश धीवर थानेश धीवर सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी युवा साथी उपस्थित रहे।

## मंदिर के आसपास नगरवासियों ने की साफ- सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

14 जनवरी मकर संक्रांति से लेकर 22 जनवरी तक देश के मंदिरों व तीर्थ स्थलों की साफ सफाई रंग रोगन होना चाहिए। इसी परिपेक्ष्य में आज से ही इसका असर नगर भटगांव मे दिखने लगा है। पार्षद प्रतिनिधि सुरेश रघु व लीलाधर वैष्णव द्वारा ब्राह्मण पारा में नगर के बड़े तालाब किनारे श्रीराम मंदिर, बजरंग बली, मंदिर शनिदेव मंदिर परिषर की सफाई सुबह से ही प्रारंभ कर दी गई। जिसमें नगर के युवा वर्ग में बीपी जोन संघ ने नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मी के साथ पार्षद प्रतिनिधि सुरेश रघु, लीलाधर वैष्णव सहित वार्ड वासी भी सफाई कार्य में लगे रहे। जिसमे मंदिरों के आसपास की सफाई किया गया। पार्षद प्रतिनिधि सुरेश रघु शुरू से ही सफाई अभियान को महत्व देते आए हैं। इनके द्वारा बीच बीच में तालाब किनारे व मंदिरों के आसपास की सफाई कराया जाता रहा है।



### खिलाड़ियों से मारपीट

**महासमुंद।** क्रिकेट खेलने की बात को लेकर खिलाड़ियों से मारपीट का मामला सामने आया है। प्रार्थी टेकराम सिदार पिता बिहारी सिदार (24 साल) ने सरायपाली पुलिस को बताया कि क्रिकेट खेलने की बात को लेकर उसके और अन्य क्रिकेट खिलाड़ियों का रास्ता रोककर ग्राम नूनपानी के आरोपी तोषराम भारतीय, वीरेंद्र भारती, सालिकराम, संतलाल भारती सहित करीब 5 अन्य लोगों ने मिलकर गालियां देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### हेमकुमार हुए गौरव अलंकरण से सम्मानित



**हथबंध।** ग्राम मोपर में प्रमा फाउंडेशन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हथबंध की नई किरण – नई जीवन संस्था के संस्थापक, अध्यक्ष समाज सेवी हेमकुमार गायकवाड़ को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया। लगातार हथबंध का नाम रौशन करने पर प्रकाश पाल, गज्जू यादव, ईश्वर निषाद, विजय निषाद, शेखर कौशल, नानू आडिल, नरेश कोशले, राजा गायकवाड़, सेवनदास रात्रे, दीपक ध्रुव व हथबंध के वरिष्ठजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

# स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति, वेद वेदांत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को किया स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ पलारी महाविद्यालय में मनी जयंती

राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर नगर के शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में युग पुरुष स्वामी विवेकानंद जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप पाण्डेय शिक्षाविद एवं समाज सेवी बलौदाबाजार, अध्यक्षता प्रो.आत्माराम वर्मा, विशिष्ट अतिथि हेमलाल साहू शिक्षक, जितेंद्र साहू अध्यक्ष एल्युमनी एवं संयोजक सिद्धेश्वर रक्तदान समिति पलारी, केजराम रावत सदस्य जनभागीदारी समिति एवं रासेयो वरिष्ठ छात्र टूमन दास रात्रे रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं युवा प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि संदीप पाण्डेय ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के अंदर बाल्यकाल से ही देश और समाज के प्रति सेवाभाव जागृत हो गई थी। उन्होंने अपनी युवा क्रांतिकारी सोच की बदौलत पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, वेद–वेदांत, दर्शन व वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को स्थापित किया। उन्होंने किसी भी राष्ट्र की तरक्की के लिए युवाओं को आधार माना। और कहा कि मुझे केवल 100 युवा की चाहिए है, यदि इतने युवा मेरे साथ देंगे तो इस देश की काया पलट दूंगा। कार्यक्रम को संस्था प्रभारी डॉ.आत्माराम वर्मा, हेमलाल साहू, डॉ.जितेंद्र साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.लक्ष्मीनारायण जलहरे ने किया व आभार प्रदर्शन डॉ.तुलसी पैकरा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता डॉ.कंचन गिलहरे, दीप्ति वर्मा, त्रयंबिका साहू, सुमन साहू, रानू साहू, प्रियंका वर्मा, रामकुमार साहू, हेमलता वर्मा सहित रासेयो वरिष्ठ स्वयं सेवक दीपक वर्मा ,गेंदराम धीवर, टिकेश्वर साहू, आरती वर्मा,उर्वशी वर्मा,माधुरी वर्मा,नवीन कुमार,शैलेंद्र साहू, मधु वर्मा,वर्षा,मनीषा सहित प्रमुख रूप से छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



### युवा उत्सव में विविध आयोजन

इस अवसर पर युवा उत्सव में विविध आयोजन हुए। विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धाएं जैसे निबंध लेखन, भाषण, रंगोली एवं चित्रकला सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंत में सिद्धेश्वर रक्तदान समिति द्वारा उपस्थित छात्र- छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

## पेज 11 के शेष

### विकसित राष्ट्र बनाने...

राह पर चले और देश को एक विकसित राष्ट्र बनाएं। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में हम सब को अपना अपना योगदान देना होगा तभी हम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को पूरा कर पाएंगे। हमारा देश सामाजिक समरसता पर चलने वाला देश है यही जीवन का आधार है। उन्होंने अभिनंदन समारोह के लिए सभी समाज प्रमुखों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज के प्रति हमेशा सकारात्मक कार्य करने का आश्वान दिया। इस अवसर पर सर्व समाज महासंघ की ओर से वक्ताओं द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव हेतु प्रत्याशी चयन के दौरान राजनीतिक दलों से यह मांग रखी गई कि रायपुर लोकसभा क्षेत्र से बलौदाबाजार जिला के किसी निवासी को प्रत्याशी बनाकर इस जिले को प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।

### मुंडा के विकसित ...

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कुशल वर्मा ने कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। कई बार जागरुकता की कमी से या दूसरे कर्म से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचाना हमारी सरकार अपना दायित्व समझती है इसलिए मोदी की गारंटी की यह गाड़ी गांव- गांव जा रही है।विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में सचिव सरोजनी पैकरा सरपंच प्रतिनिधि संतोष वर्मा उप सरपंच गजेंद्र वर्मा रोजगार सहायक दिनेश वर्मा कोलिहा सरपंच प्रतिनिधि ओमेश वर्मा सचिव लोकनाथ साहू पंच उमाशंकर वर्मा परमेश्वर साहू प्रवीण पांडे तामेश्वर दुकालू मानिकपुरी महेश्वर रजक दिलीप वर्मा अशोक वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम का संचालन हरिकिशन वर्मा ने किया।

### ट्रक की टक्कर...

रिफर किया गया है। हादसे में घायल युवक राखी कुमार पिता साधुराम सतनामी 25 वर्ष एवं मां घरजुगीबाई पति साधु राम 45 वर्ष ग्राम भटगांव निवासी बताए जा रहे हैं।

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य...

एसडीएम बिलाईगढ़, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, तहसीलदार कमलेश और देवराज सिदार और अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस...

में संगठन की कमजोरी को मजबूती प्रदान करने और सही दिशा में काम करने की बारे में बात की। दीपक टण्डन के अध्यक्ष बनने पर क्षेत्रीय विधायक कविता प्राण लहरे सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त किया है।



यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### पूजित अक्षत का घर-घर वितरण

**महासमुंद।** गौरव ग्राम भोरिंग में भगवान राम लला की जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर वहां से आए पूजित अक्षत का घर-घर वितरण किया जा रहा है। इस दौरान संतराम साहू, शशिकांत साहू (मंडल महामंत्री), तेजराम साहू, नीलकमल आचार्य, तिलक साहू, ऊदल मानिकपुरी, मदन साहू, सतीश साहू, रूपलाल साहू, दुलेश्वर साहू, भूपेश, लंकेश सहित रामभक्तगण उपस्थित रहे।

### फर्शी संघ ने किया विधायकों का सम्मान



**महासमुंद।** महानदी फर्शी संघ द्वारा के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व बसना विधायक संपत अग्रवाल स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अध्यक्ष झालाराम चंद्राकर, उपाध्यक्ष कांति भाई पटेल, कपिल साहू, सचिव दीप कुमार अग्रवाल, जगदीश टावरी, कोषाध्यक्ष मुकेश लुनिया, कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र चंद्राकर, मनीष कोठारी, संजय भोजवानी, शिव रात्रे, दशरथ चंद्राकर, अशोक साहू, मनीष माहेश्वरी, धनेश चंद्राकर, दुष्यंत साहू, विपिन जैन उपस्थित रहे।

### चिरको में महाकाली यज्ञ आज से

**पटेवा।** समीपस्थ ग्राम चिरको में समस्त काली माता भक्त एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 15 जनवरी से 17 जनवरी तक तीन दिवसीय अखंड महाकाली यज्ञ का आयोजन रखा गया है। 17 जनवरी को मूर्ति विसर्जन सांग पार्टी पटेवा द्वारा किया जाएगा। इसी दिन रात्रि में गंवई के हीरा नाच पार्टी जेवरा बसना का कार्यक्रम होगा। यहां प्रतिदिन कार्यक्रम तक आम भंडारा का आयोजन किया गया। उक्ताशय की जानकारी मिलेन सेन ने दी है।

### खरोरा में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के साईं मंदिर में आशी बाई गोलछा हायर सेकंडरी स्कूल का सात दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित है। शिविर के पांचवें दिन मुख्य अतिथि सरपंच सुनीता चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, प्रचार्य जीआर सिन्हा, कार्यक्रम अधिकारी मधुमति चंद्राकर, शकुन चंद्राकर रहे। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि अयोध्या धाम में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्य को लेकर देश के सभी जगहों पर राम मंदिर के आसपास जगह पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खरोरा के राधा कृष्ण मंदिर एवं शहीद स्मारक के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# युवा वर्ग आगे आएं, विवेकानंद के आदर्शों का करें अनुसरण

## दौलत राम शर्मा शासकीय महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

■ अतिथि व वरिष्ठ प्राध्यापकों ने किया मार्गदर्शन

स्व. दौलत राम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्रेरणापुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि वर्षा शर्मा प्राचार्य इंद्रा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रियंका मिश्रा, रितेश जायसवाल उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि वर्षा शर्मा ने स्वामी विवेकानन्द को नमन करते हुए राष्ट्र में उनके योगदान को याद किया। युवाओं को समाज में आगे आने के लिए प्रेरित किया तथा उनके आदर्शों का अनुसरण करने मार्गदर्शन दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. खुर्शीद खान, वरिष्ठ प्राध्यापक एचएल पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वी टंडन ने स्वामी विवेकानन्द को नमन करते हुए। उनके संदेश को सभी स्वयंसेवक को समाज में आने के लिए प्रेरित किया। उनके विचारों का अमल करने हेतु युवा वर्ग को समाज में आने के लिए मार्गदर्शन दिया।




### ये रहे उपस्थित

राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ सीनियर सूरज यादव, अभिषेक नवरंगे, प्रीतम जायसवाल महादलनायक रमन मिरी,महादलनायिका मीनाक्षी बैरागी, उपमहादलनायक ऋतिक सेन, उपमहादलनायिका फुलेश्वरी बंजारे , रुकमनी पंकज, आदित्य पंकज, आदित्य कोयल , अलका, बिंदु पैकरा, विशाल, दुर्गेश , दीपांशु, सभापति, दीनानाथ, तनु, अनीश, लोकेश,लाकेश्वर,कुसुम,आदि महाविद्यालय छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## आयोजन : प्राथमिक शाला भवन पिसीद में संकुल स्तरीय अंगना म शिक्षा कार्यक्रम

# माताओं को स्कूल से जोड़ने के साथ बच्चों को खेल - खेल में सिखाने व पढ़ाने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल




समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद के शासकीय प्राथमिक शाला भवन में संकुल स्तरीय अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक- शिक्षिकाओं सहित गांव की महिलाएं उपस्थित रही।

**माताओं को कराई गईं कई गतिविधियां**

ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व विकासखंड स्तरीय अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन बड़े पैमाने पर कसडोल में किया गया था। जिसमें कसडोल विकासखंड के सभी संकुलों से एक- एक महिला शिक्षक एवं संकुल समन्वयक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी थे ।

इसी कड़ी में पिसीद में संकुल स्तरीय अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में समन्वयक नरेंद्र कुमार देवांगन की उपस्थिति में सभी शिक्षकों व सक्रिय माताओं के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा पहली व कक्षा दूसरी में अध्ययनरत बच्चों की माताओं को स्कूल से जोड़ना व उन्हें अपने बच्चों को खेल- खेल में सिखाने व पढ़ाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में क्रमशः वर्णों को जोड़कर पढ़ना गोटा, कुर्सी दौड़, सामग्री की पहचान, आवाज की समझ व गड़ना, तिली बंडल के माध्यम से इकाई, दहाई व स्थानीय मान की समझ आदि से संबंधित गतिविधियां कराई गई । उपस्थित बच्चे व सक्रिय माताओं ने सभी गतिविधियों में उत्साह से भाग लिया । उपरोक्त कार्यक्रम की मंशा यह है कि बच्चों को पढ़ाई बोझिल व उबाऊ न लगे बल्कि खेल- खेल में ही बच्चों में गणितीय एवं भाषाई कौशलता का विकास हो ।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर संकुल समन्वयक नरेंद्र देवांगन के अतिरिक्त शासकीय प्राथमिक विद्यालय पिसीद के प्रधान पाठक रमला कैवर्त्य, अंजली तिवारी, अनीता देवांगन, सावित्री तंबोली, पुष्पा विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, अनीता नायक, संतोषी साहू , छरछेद से शारदा साहू, जानकी साहू, मोतीपुर से गिरीश सेन, सक्रिय माताओं में राजेश्वरी देवांगन, राजकुमारी साहू, सुमित्रा साहू, परदेशनीन कैवर्त्य, उर्वशी साहू सहित बड़ी संख्या में बच्चें व माताएं उपस्थित थीं।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024 के लिए खरोरा के आशुतोष का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर के अंतिम वर्ष के छात्र खरोरा निवासी आशुतोष निषाद पिता रामजी निषाद भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024 में चयनित होकर भाग ले रहे हैं। नासिक महाराष्ट्र में 12 जनवरी से 16 जनवरी तक पांच दिवसीय कार्यक्रम के लिए भारत के अलग–अलग राज्यों के रासेयो स्वयं सेवक हिस्सा ले रहे हैं। राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए एनएसएस जीईसी रायपुर के स्वयंसेवक आशुतोष निषाद को सीएसवीटीयू एवं छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है । राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराना। साथ ही देश आर्थिक सामाजिक विकास में उनका योगदान सुनिश्चित करना है। आशुतोष को उनके इस सफलता के लिए डॉ. डी एस रघुवंशी एनएसएस विश्वविद्यालय समन्वयक द्वारा सराहना की गई । इस उपलब्धि पर जीईसी रायपुर प्राचार्य डॉ. एम आर खान, एनएसएस जीईसी रायपुर के कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत साहू एवं शशिबाला किंडो ने आशुतोष के उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।



■ नासिक महाराष्ट्र में हो रहे शामिल

# शिविर में स्वास्थ्य जांच कर दी दवाएं, बना आयुष्मान कार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसीवां

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद गुहाराम

जांजगीर लोकसभा सांसद गुहाराम अजगल्ले विकसित भारत संकल्प यात्रा के पंडरीपाली शिविर में शामिल हुए। महिलाओं द्वारा यात्रा के वाहन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संदेश का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ''धरती कहे पुकार के'' से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उच्च रक्तचाप, मधुमेह, टी.बी., सिकलसेल, एनीमिया, चर्म रोग, कुष्ठ रोग एवं दवाई वितरण एवं आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर लगाया गया था। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, जल जीवन मिशन, उद्यानिकी विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना पशुधन विकास विभाग, खाद्य विभाग, बैंक सखी एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम डुरूमगढ़, धनगांव, बारादावन, कटंगपाली ब, गोडम सुवाताल पिंडरी ग्वालिनडीह, कटेली कोतमरा, बुंदेली मलदा ब, सिंघीचुवा बघमल्ला, रिकोटार, जीरापाली, झाल, नदीगांव, सुरसी में भी आयोजित किया गया, जहां इसी प्रकार की गतिविधियां संचालित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं से लोगों के जीवनस्तर में आया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

■ आमजन के साथ महिलाओं का जीवन हुआ खुशहाल

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम गोड़ा में आयोजित

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत गोड़ा में गत दिवस आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेजराम वर्मा जिला उपाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा की आज पूरा भारत प्रधानमंत्री मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं से विकसित भारत को मजबूत कर रहा है। देश निचले स्तर के लोगों के जीवन में योजनाओं के क्रियान्वयन से लाभान्वित हुए हैं। साथ ही 22 जनवरी को श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक गौरवपूर्ण क्षण में आप सभी अपने घरों में पांच दीपक जलाकर दीपावली उत्सव मनाएं।



कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष महेंद्र साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि आज जनसेवक प्रधानमंत्री मोदीजी की योजनाओं से क्रांतिकारी बदलाव आया है। हर तबके के लोगों के जीवन में आर्थिक संपन्नता और खुशयाली आई है। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि श्रीमती कौशील्या डायमंड साहू सरपंच गोड़ा ने संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के योजनाओं से नारी शक्ति के जीवन बहुत बड़ा बदलाव आया है। विकसित भारत संकल्प यात्र कार्यक्रम आयोजित कर जन जन के विकास का अध्याय से भारत मजबूती से आगे बढ़ रहा है। इस आयोजन में जन समस्या निवारण, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से एवं विभिन्न समूहों विभागों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिला मीडिया पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रभारी,सरपंच प्रतिनिधि डायमंड साहू ने किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रचार प्रसार मंत्री ओमप्रकाश वर्मा,मंडल मंत्री भागीराम धीवर,युवा मोर्चा उपाध्यक्ष,जिला आईटी सदस्य खिलेंद्र कुमार साहू,जिला अजा कार्यकारिणी सदस्य किशन मनहरे,शक्ति केंद्र संयोजक भारत वर्मा,प्राचार्य हाईस्कूल गोड़ा मोहन बंजारे,बूथ अध्यक्ष बिरसिंग नौरंगे,श्रीमती त्रिवेणी साहू पंच,श्रीमती गिरिजा वर्मा पंच, बगसराम मनहरे, सुखचंद जोशी,कलीराम नौरंगे, डोमन सोनी,डोमन वर्मा,हेमलाल साहू,पुनीत राम साहू,दीनदयाल साहू,कुमार वर्मा,काशीराम साहू,शिवनारायण वर्मा,संतोष साहू, कमलनारायण सोनी,सेवक साहू, दुकालू वर्मा, कुलेश्वर साहू, तथा शाउमावि,प्राथमिक शाला,पूर्व माध्यमिक शाला गोड़ा के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,सहायिका मितानिन सहित भारी संख्या में ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दतान में अक्षत व राम मंदिर अयोध्या के छायाचित्र का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ग्राम दतान (प) में श्री रामजन्मभूमि तीर्थ अयोध्या से आए अक्षत एवं राम मंदिर का छायाचित्र एवं आमंत्रण प्रत्रक का वितरण किया गया था ।

जिसमें सनातनियों ने गृह ग्राम संपर्क अभियान के तहत हर घर घर जाकर अयोध्या से आए अक्षत एवं पत्रक का वितरण किया गया । 22 जनवरी को गांव- गांव हर घर अयोध्या बनाने के लिए हर घर संध्याकाल में घर के आंगन में 5 दीपक जलाकर एवं रंगोली बनाकर तथा घर के ऊपर छत में भगवा ध्वज लगाकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया गया । इस अवसर पर केशरी वर्मा, राहुल चन्द्राकर, वेद वर्मा सरपंच , बिसाहू साहू,हेमकुमार साहू,सुंदर फेकर, नंदकुमार शर्मा,किशन वर्मा,देवनाथ साहू,ओम गुप्ता,मुकेश साहू, सत्यादेव यादव आदि उपस्थित थे।



# विधायक मोतीलाल का गृहग्राम गिर्रा में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

■ निर्वाचित होने के बाद पहली बार पहुंचे थे ग्राम

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से प्रचंड मतों से विजयी होने के बाद विधायक मोतीलाल साहू का उनके गृहग्राम गिर्रा में प्रथम आगमन पर ग्रामवासियों एवं सामाजिकजनों ने मिलकर आतिशबाजी, पुष्प वर्षा कर शाल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र भेंटकर भव्य स्वागत किया । उन्होंने गली भ्रमण कर महामाया माता सहित अन्य मंदिरों में जाकर श्रीफल अर्पण कर नमन किया । बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं महिलाओं ने मोतीलाल का घर घर में आरती उतारकर स्वागत किया ।



### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर लक्ष्मीनाथ साहू, हेमलाल वर्मा, राकेश वर्मा, चन्द्रभान वर्मा, फेरहाराम साहू, कोमल साहू, रोहित साहू, खेमराज साहू, हेमंत वर्मा, केशव वर्मा, जीवनाथ वर्मा, संतराम साहू, ललित साहू, दिलीप चंद्राकर, पंचू चंद्राकर, डुलेश्वर वर्मा, पुनीत वर्मा, कौशल साहू, रामदयाल जायसवाल, मुन्नालाल वर्मा, दशरथ कन्नौजे, बिष्णु साहू, सुंदर साहू, विशाल चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे ।

इसके पूर्व भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू के नेतृत्व में मंडल मुख्यालय संडी बंगला में कार्यकर्ताओं ने फूलमाला से जोरदार स्वागत किया । ग्राम गोड़ा में भी सामाजिक जनों ने अभिनंदन किया । स्वागत से अभिभूत होकर विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि आपके बीच में खेल कूदकर बड़ा हुआ हूं, आपके गांव का बेटा हूं । मेरी मातृभूमि में इतनी ताकत है कि यहां का बेटा भी विधायक बन सकता है । आप लोगों के जीवन मे खुशियां बिखेर सका तो अपने आपको सौभाग्यशाली समझूंगा । सभा को भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, केन्द्रीय महामंत्री कुर्मी समाज रघुनंदन लाल वर्मा, संरक्षक दतान परिक्षेत्र रामकुमार साहू ने भी संबोधित किया । संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने एवं आभार प्रदर्शन सेवानिवृत्त प्रधानपाठक खंभनलाल वर्मा ने किया ।



